पत्र संख्या-स्था-1-परिपत्र/ई0आई0एम0एस0 माड्यूल/ 1313 // राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊः दिनांकः 01 जुलाई, 2022

समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-1 / ग्रेड-2, राज्य कर उ0प्र0।
समस्त संयुक्त आयुक्त / उप आयुक्त राज्य कर उ0प्र0 /
समस्त संयुक्त / अपर निदेशक राज्य कर, उत्तर प्रदेश ।

ज्ञातव्य है कि, वार्षिक प्रविष्टियों को समयान्तर्गत पूर्ण कराने के सम्बन्ध में विभागीय ई0आई0एम0एस माड्यूल पर ऑनलाइन प्रक्रिया का प्रयोग किया जा रहा है। ऑनलाइन वार्षिक प्रविष्टियों के अपलोड / अंकन इत्यादि में आ रहीं समस्याओं के सम्बन्ध में अधिकारियों द्वारा मैनुअल पत्राचार किया जाता है, जिसके निस्तारण में अत्याधिक समय लग जाता है तथा समस्या का निस्तारण भी समयान्तर्गत नहीं हो पाता है।

समसंदर्भ में अवगत कराना है कि ऑनलाइन वार्षिक प्रविष्टियों के सम्बन्ध में आ रहीं समस्याओं के समयान्तर्गत निस्तारण हेतु स्थापना राजपत्रित अनुभाग के "चरित्र पंजिका प्रकोष्ठ में स्था0-1" के उपयोगार्थ एक नवीन ई-मेल आई0डी-**ctestbacr1hqlu-up@up.gov.in** बनायी (क्रिएट की) गयी है, जिसका उद्देश्य आई0टी0 अनुभाग से समन्वय स्थापित करते हुए ऑनलाइन प्रविष्टियों के सम्बन्ध में प्राप्त समस्याओं का समयान्तर्गत निराकरण करना है।

अतः आप सभी अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि ऑनलाइन वार्षिक प्रविष्टियों में आ रहीं किसी भी प्रकार की समस्याओं के सम्बन्ध में आप द्वारा ई-मेल के माध्यम से (अपना इम्पलाई आई0डी0 अनिवार्य रुप से उल्लिखित कर) ही पत्राचार किया जाए।

01/07/2022
(सुधा वर्मा)
अपर आयुक्त, राज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने तथा स्थापना अनुभाग से समन्वय स्थापित करने हेतु।
2- अपर निदेशक, राज्य कर अधिकारी, प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर, लखनऊ।

3- कम्प्यूटर ऑपरेटर (स्थापना राजपत्रित) मुख्यालय को ई0आई0एम0एस0 पर प्रदर्शित करने हेतु।

संयुक्त आयुक्त (स्था0 राज0) राज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।